(ग) पुरुष डाक्टरों का ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है :

विवरण

	पुरुष डाक्टर
1. डा० राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली	2
2. सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली	4
3. लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, नई दिल्ली	3
4. कस्तूरबा गांधी प्रसूति अस्पताल, नई दिल्ली	1
5. गिरधारी लाल अस्पताल	शून्य
6. हिन्दुराव अस्पताल	शून्य
7. स्वामी दयानन्द अस्पताल, शाहदरा	शून्य

सुल्तान गंज से देवघर तक रेलवे लाइन

221. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सुल्तानगंज से देवघर तक सीधी रेल लाइन बिछाए न जाने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह सच है कि बरियार-स्टेशन तक के यात्रियों को स्टेशन भवन, जन सुविधाएं, जल और विश्राम गृह जैसी पर्याप्त सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि क्यूल और जसीडीह नामक स्थानों पर यात्रियों के लिए आरक्षण की सुविधा न होने के कारण यात्रियों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है; और

(घ) सरकार इसमें सुधार करने तथा इस क्षेत्र का विकास करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) सुल्तानगंज से देवघर तक सीधी रेल लाइन के निर्माण के बारे में विचार नहीं किया गया है । रेलें नयी लाइन परियोजनाओं के लिए संसाधनों की अत्यधिक तंगी का सामना कर रही हैं ।

(ख) यातायात के स्तर के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध हैं ।

(ग) इन दोनों स्टेशनों के बीच एक्सप्रैस गाड़ियों से यात्रा में 3 घंटे से भी कम समय लगता है । अतः इन स्टेशनों के बीच यात्रा के लिए आरक्षण सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गयी है ।

(घ) क्यूल और भागलपुर के बीच नाजुक खण्डों पर कहीं-कहीं दोहरी लाइन बिछाने , सुल्तानगंज में गहरे नलकूप की व्यवस्था करने तथा बरियारपुर में एक दूसरे नलकूप की व्यवस्था करने से सम्बन्धित काम शुरू कर दिये गये हैं ।

जमालपुर की रेलवे वर्कशाप

222. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार जमालपुर रेलवे वर्कशाप के विकास के लिए कोई योजना बनाने का विचार रखते हैं; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी हां,

(ख) कर्षण मशीनों के पुनर्वेष्ठन, डजल रेल इंजन की आवधिक ओवरहाल के काम की गति तेज करने, 140 टन डीजल हाइड्रोलिक क्रेनों के निर्माण और बी ओ एक्स माल डिब्बा बोगियों

के निर्माण हेतु सुविधाओं का विकास करने के लिये योजनाएं तैयार की जा रही हैं ।

इसके अलावा, जमालपुर कारखाने के आधुनिकीकरण के लिये एक व्यावहारिकता अध्ययन प्रारम्भ करने का भी प्रस्ताव है ।

Construction of bypass on Bombay-Bangalore highway

223. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) what is the progress in the construction of Poone bypass on Bombay-Bangalore Highway; and

(b) what are the reasons for the delay and when it is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) and (b) The total length of Poone bypass is 34 kms. Works in 14 kms length have been sanctioned. Out of this, work in 6 kms. has since been completed and work in remaining length is in pregress. The works on the balance length of this bypass have been included in the 7th Five Year Plan. The delay in completion of the bypass is primarily due to problems of land acquisition.

Integral coach factory at Kapurthala in Punjab

224. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the time by when the Integral Coach Factory is likely to be completed and commissioned at Kapurthala in Punjab;

(b) what is the total number of new employees recruited for the project so far and what is the percentage of local recruits;

(c) whether any ancillary units have been cleared so far; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) The target for turning out the first coach from Rail Coach Factory is March 1988.

(b) Total number of new regular employees recruited for the Project is 64. The percentage of local recruits, from Punjab and Chandigarh is 40 per cent thereof.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

Tri-Sea pleasure boat project

225. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether the Tamil Nadu Government's proposal for the introduction of Tri-sea pleasure boat project is pending for approval at the centre; and

(b) if so, when it is likely to be cleared?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PIOLT): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

इलाहाबाद रेलवे स्टेशन से होकर जाने वाली रेलगाड़ियां

226. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वह कौन सी यात्री गाड़ियां अथवा डाक गाड़ियां हैं जिनका ठहराव इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर नहीं है ;

(ख) इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या इन रेलगाड़ियों का इलाहाबाद में ठहराव करने के लिए स्थानीय लोगों की ओर से कोई मांग की गई है , यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?